NEWS इन ब्रीफ

## पैसा व संसाधन लेकर सेल्स मैन फरार

**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र में संचालित एस्ट्रा वेंचर्स स्टोन क्रशर कंपनी का सेल्समैन अनुशंकर सीपी कंपनी के पैसे और अन्य संसाधन लेकर तीन महीने से फरार है। कंपनी के मैनेजर शिवा कुमार द्वारा इस संबंध में पीपरा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि सेल्समैन अनुशंकर सीपी द्वारा स्टॉन क्रशर कंपनी के पैसे और संसाधन लेकर फरार होने के संबंध में मामला दर्ज हुआ है। अनुसंधान किया जा रहा है। इधर कंपनी के मैनेजर शिवा कुमार ने सेल्समैन की तस्वीर जारी करते हुए कहा है कि गत 21 दिसंबर 2022 से कंपनी के पैसे और अन्य संसाधन लेकर अनुशंकर सीपी फरार है। इस संबंध में पीपरा थाना में कांड संख्या 01/23 दिनांक 8 जनवरी 2023 मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने सूचित करते हुए बताया है कि अनुशंकर सीपी के साथ काम करने वाला कोई भी व्यक्ति या संगठन अपने जोखिम पर उसकी संपति एवं संसाधन आदि का इस्तेमाल करेगा।

## सुरेंद्र बने पांकी विधायक प्रतिनिधि

**पांकी।** भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने रविवार को पांकी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुरानी पांकी निवासी सुरेंदर सिंह को अपना विधायक प्रतिनिधि पांकी में नियुक्त किया है। विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करने के बाद विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने फूल माला पहनाकर सुरेंद्र सिंह का स्वागत किया। सुरेंदर सिंह को विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर बधाई दी। मौके पर, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, मनोज सिंह, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, रोशन सिंह, सत्य प्रकाश पांडे, राजदेव मेहता, जसवंत सिंह, ईश्वरी सिंह आदि उपस्थित थे।

## स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन

**छत्तपुर।** गुलाम चंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, छतरपुर, पलामू में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य जितेंद्र कुमार के द्वारा फीता काट कर कर किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सीएससी पलामू नागेंद्र कुमार एवं अरविंद कुमार, और एजुकेशन कंसल्टेंट बिरेन्द्र कुमार सिंह, गुलाब चंद प्रसाद अग्रवाल कालेज के परीक्षा नियंत्रक अमीत कुमार सिंह, प्रो राज किशोर लाल, प्रो राजमोहन, प्रो सूर्य देव एवं कालेज के सभी कर्मचारी तथा एसआरसी के सीएससी संचालक आकाश कुमार उपस्थित हुए। एसआरसी के द्वारा प्रदान की जाने वाली सर्विस के बारे में डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सीएससी पलामू के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। प्राचार्य महोदय के द्वारा इस स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर के कालेज कैम्पस में खुलने से कॉलेज के छात्रों को ऑनलाईन कार्य आसानी से और रियायती दर पर एवं अन्य डिजिटल सेवा से मिलने वाले लाभ से अवगत कराया गया।

# अगलगी में लाखों रुपये का सामान जलकर राख







**ओम प्रकाश प्रजापति**

**पांडु।** तीसीबार कलां अंकित श्रंगार स्टोर व गिफ्ट कार्नर दुकान में आग लग गई। इस आगलगी में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।देखते ही देखते उस वक्त हड़कंप मच गया। जब दोपहर लगभग 3.30 बजे अचानक दुकान में आग लग गई, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।और लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। लोगों ने सामूहिक रूप से आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन थोड़ी देर में ही आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। इससे दुकान का पूरा सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि दुकान अंकित श्रंगार स्टोर व गिफ्ट कार्न में आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दुकान में रखा सारा समान जलकर राख हो गया। दुकान में आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। हालांकि अनुमान लगाया जा रहा है कि आग सॉर्ट सर्किट से लगी है।दुकान के ओनर राजेश मेहता ने बताया कि उनको दोपहर लगभग 3:30 बजे सूचना मिली कि दुकान में आग लग गयी है।आनन फानन में वो दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान से धुंआ निकल रहा है। दुकान ओनर ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान में रखा सामान जलकर राख हो चुका था।इस संबंध में मकान मालिक शिव दुबे ने बताया की यहां गांव में फायर ब्रिगेड नहीं है। जिसके कारण शहर से या काफी दुर से दमकल की गाड़ी को मंगाना पड़ता है। जब तक दमकल की गाड़ी यहां पहुंची तब तक दुकान का सारा सामान जल चुका था। भीषण आग लग गई। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों व दैनिक अखबार राष्ट्रीय नवीन मेल के स्थानीय संपादक ओम प्रकाश अमरेंदर ने रेहला में स्थापित ग्रासिम इंडस्ट्रीज के लरजीनिग आफिसर नितेश पाण्डेय को दी। जिस पर श्री पाण्डेय ने इसकी सूचना अपने आला अधिकारियों को देते हुए अविलंब अपने संस्थान का फायर ब्रिगेड टीम को दिया। जिसपर फायर आफिसर धीरेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में फायर टीम तिसीबार के घटना स्थल पर जाकर आग पर काबू पायी।जिससे स्थानीय लोगो ने ग्रासिम इंडस्ट्रीज प्रबंधन व फायर ब्रिगेड टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सीएचसी पाटन को मिले तीन चिकित्सक





**पाटन :** पाटन सीएचसी में डॉक्टरों की पदस्थापना को लेकर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे व उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र द्वारा ज्ञापन सौंपा था कि पाटन में डॉक्टर की पदस्थापना हो। यह अथक प्रयास सफल हो गया। पाटन सीएचसी मे 3 एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति की गई है। जिसमें नावा जयपुर स्वास्थ्य केंद्र में आनंद कुमार मेहता, किशुनपुर में श्रवण कुमार मेहता, पंडवा मे उमेश कुमार सिंह को चिकित्सा प्रभारी बतौर डॉ अमित आजाद के समक्ष शुक्रवार को पदभार ग्रहण कराया गया। फिलहाल सीएचसी पाटन मे डॉक्टर के रूप में डॉ अमित आजाद ही पदभार में रहेंगे। डॉक्टरों की नियुक्ति के संबंध में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे व उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा हर कमीं को दूर किया जा रहा है अब स्वास्थ सुविधा प्रखंड स्तर पर स्वतः पूर्ण रूप से सुचारू रहेगी।

## विधायक प्रतिनिधि व चिकित्सक ने मरीजों के बीच किया चश्मे का वितरण

बिश्रामपुर। प्रखंड विधायक प्रतिनिधी पंकज कुमार लाल व आंख के चिकित्सक डॉ मनोज कुमार ने सीएचसी बिश्रामपुर में संयुक्त रुप से मरीजों के बीच निः शुल्क चश्मा व आई ड्रॉप का वितरण किया। विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल ने बताया कि गरीब, असहाय व मरीजों की सेवा करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। इससे आत्म कल्याण की अनुभूति होती है। वहीं सीएचसी बिश्रामपुर में पद स्थापित आंख के चिकित्सक डाक्टर मनोज कुमार ने बताया कि राज्य अंधापन नियंत्रण समिति रांची व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर के संयुक्त तत्वावधान में 40वर्ष से अधिक उम्र के आंख के मरीजों को निःशुल्क चश्मा व आई ड्रॉप प्रदान किया जा रहा है।मौके पर सुरक्षा गार्ड संजय ठाकुर,राजन कुमार,शमशेर हवारि सहित कई लोग मौजूद थे।

## सामाजिक बदलाव के नायक हैं बाबा साहब : अरविंद

**छतरपुर।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती छतरपुर के इलाके में धूमधाम से मनाई गई। इसी कड़ी में अरविंद गुप्ता द्वारा लोगों की मदद के लिए स्थापित हेल्पलाइन सेंटर में भी केक काट कर बाबा साहब को याद किया गया। इस मौके पर हेल्पलाइन सेंटर के संचालक अरविंद गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब के विचार और संघर्ष युगों युगों तक मानवता का पथ प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया मे अब्राहम लिंकन, मार्टिन लूथर और नेल्सन मंडेला को आधुनिक सभ्यता में सामाजिक, आर्थिक, नस्लभेद में हुए बदलाव का भगवान माना जाता है। वैसे ही बाबा साहब ने हिंदुस्तान में गरीबों दलितों की जो लड़ाई लड़ी, दबे-कुचले, शोषित-पीड़ित लोगों और अपने अधिकार से वंचित महिलाओं के लिए जो किया वह भी पूरी दुनिया के लिये हमेशा नजीर रहेगी। इस अवसर पर राजीव सिन्हा, सुरेंद्र कुमार, मित्तल सिंह, पंकज गुप्ता, राकेश चन्द्रवँशी, मंजुल गुप्ता, आयुष चन्द्रा, नन्दन गुप्ता, सोनू कुमार, गोलू कुमार अरविंद कुमार, अंकित कुमार, विशाल कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मिनी ट्रांसफार्मर जलते ही छाया अंधेरा

## इनवर्टर, बैटरी, पंप बंद रहने से बढ़ी परेशानी

### बिजली नहीं रहने से उन्हें 200 फीट दूर से पानी लाना पड़ रहा है



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मीडिल स्कूल के समीप 25 केवीए का ट्रांसफार्मर शुक्रवार की देर शाम जलने से इससे संबधित 24 घरों में अंधेरा पसरा है। संबधित उपभोक्ताओं के घर बिजली की आपूर्ति बाधित होने से इनकी बैटरी, इनवर्टर तो डेड कर ही गये, साथ ही पेयजल के लिये लगाये गये समरसेबल पंप भी बंद रहने से इनके घरों में पानी की घोर किल्लत हो गई है। उपभोक्ता अनूप कुमार सिंह, रविन्द्र मेहता, शंभू सोनी, मुकेश कुमार, ज्ञानी कुमार, कनिष्क कुमार, रमेश मेहता, विकेश कुमार, आलोक सोनी, नागेन्द्र सोनी व अन्य ने कहा कि बिजली नहीं रहने से उन्हें 200 फीट दूर से पानी लाना पड़ रहा है। इस प्रचंड गर्मी में उन्हें पंखा, कूलर की सुविधा नहीं मिलने से रात में सोना हराम हो गया है। उन्होंने शनिवार को सहायक अभियंता के नाम विद्युत अवर प्रमंडल जपला कार्यालय में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह को लिखित आवेदन देकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने अविलंब नया ट्रांसफार्मर लगाने व इस समस्या से निजत दिलाने का आग्रह कनीय अभियंता से किया है। वहीं क्षेत्रीय विधायक के अनुपस्थिति में उनके आवास पर प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह से भुक्तभोगियों ने मिलकर इस संबध में विस्तृत जानकारी दी है। उन्होंने तत्काल इनकी समस्या को विधायक को जानकारी देने का काम किया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उपभोक्ताओं को धैर्य से रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने की विभागीय प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## महुआ धाम आई महिला लापता

**हरिहरगंज :** निकटवर्ती औरंगाबाद जिला के कुटुंबा थाना क्षेत्र स्थित महुआ धाम आई रोहतास जिला की रहने वाली 40 वर्षीय महिला सुनीता देवी विगत 27 सितंबर से लापता है। उक्त महिला के पति करगहर थाना के तेन्दूनी निवासी नरेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी की दिमागी हालत ठीक नहीं है।. इसे लेकर वे झाड़ फूंक कराने महुआ धाम आए थे। जहां से वह गायब हो गई है। इसकी सूचना वह संबंधित थाना तथा आसपास के थाना में भी दिये हैं। वहीं उक्त महिला के पति नरेंद्र सिंह अपने रिश्तेदारों व अन्य जगहों से खोजते हुए हरिहरगंज पहुंचे और पत्रकारों की इसकी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त महिला का पता मोबाइल नंबर 8294921337 पर बताने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा।

# सरहुल मिलन समारोह कार्यक्रम का विधायक ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के बुनियादी मध्य विद्यालय के प्रांगण में रविवार की दोपहर में सरहुल मिलन समारोह सह प्रार्थना सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पांकी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से सरना समाज के हजारों लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत पाहन द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर की गई व क्षेत्र की खुशहाली हेतु ईश्वर से प्रार्थना भी की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता के आगमन पर सरना समाज के लोगों ने पारंपारिक अतिथि स्वागत गीत एवं नृत्य के साथ ढोल मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात विधायक को पगड़ी एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। मौके पर लोगो को संबोधित करते हुए विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अखाड़े में मौजूद लोगों से प्रकृति के इस पर्व को खुशी से मनाते हुए प्रकृति की रक्षा के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन प्रकृति की पूजा की जाती है,पारंपरिक नृत्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मिट्टी से जुड़कर ही अपनी संस्कृति की पहचान को बचाया जा सकता है। यह पर्व हमें परंपराओं से जोड़े रखता है। इस कार्यक्रम में श्यामलाल उरांव, अनीता भगत, शंकर उरांव, मिथिलेश उरांव, सरिता उरांव, घिरन भगत, लामनी उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, रोशन सिंह, मनोज सिंह, सुनील गुप्ता, संजय चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में सरना समाज के लोग मौजूद थे।

## शहीद दाता का सालाना उर्स और चादर पोशी की गई

**छतरपुर।** खाटीन में 15 अप्रैल को हजरत अंजान शहीद दाता का सालाना उर्स मनाया गया। इससे पहले कमिटी की चादर पुरे शहर छतरपुर में घुमायी गयी। इसके बाद 5 बजे चादर पोशी की गई ।रात 10 बजे से शायर, और मौलाना नात द्वारा तकरीर की गयी। नात खा ने अपने अंदाज में कहा -मेरी बिगड़ी को बना दीजिये अंजान शाह बाबा----सोयी किस्मत भी जगा दीजिये अंजान शाह बाबा।। वही शायर करि खुर्शीद ने कहा- जो तुम्हारे दर अपने मुरादे पाते है---हम सबको भी अता कीजिये अंजान शहीद बाबा।। मौके पर मौलाना जुनैद मिस्बाही,करि इम्तेयाज साहब,हाफिज आजाद हुसैन,हाफिज जिब्रईल साहब ,हाफिज इरफान साहब,हाफिज मुनीर हुसैन,हाफिज तौहीद आलम ने नात पढी और तकरीर की। 15 अप्रैल उर्स के दिन छतरपुर अनुमंडल के साथ -साथ बहुत दूर से लोग इनके दर पर आते है अपनी मन्नत मांग कर जाते हैं। इनके दर पर सभी मन्नते सभी दुआएं कबूल होती है।

# रेल प्रशासन के गलत रवैये से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के रेल बीडी सेक्सन के हैदरनगर रेल उपभोक्ताओं का आक्रोश एक बार फिर गरमाने लगा है। रेल प्रशासन के उपेक्षात्म रवैये पर आंदोलन की रणनीति तैयार होने लगी है। रेल उपभोक्ता समिति पलामू की हैदरनगर देवी धाम प्रांगण में रविवार को समिति के प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई है। जिसमें वक्ताओं ने स्पष्ट किया है कि विभिन्न मांगों को लेकर अब उपभोक्ता धरना प्रदर्शन नहीं, हैदरनगर बस स्टैंड के समीप सीधा रेल फाटक पर चक्का जाम करेंगे। इसकी घोषणा आगामी 25 अप्रैल को होने वाली पुनः समीक्षा बैठक में कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि कोविड काल के सामान्य हुए दो साल बीत गये, पर अब तक बीडी सेक्सन के गरीब यात्रियों के लिये ट्रेनों से स्पेशल का दर्जा नहीं हटाया गया। मुख्य अतिथि समिति के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि -आंदोलन, धरना,प्रदर्शन नहीं, बल्कि वर्षों से जारी उनकी जायज मांगों पर रेल प्रशासन के साथ आरपार की लड़ाई होगी। समिति के वरीय सदस्य मनोज शर्मा ने कहा कि रांची सासाराम एक्सप्रेस का हैदरनगर में ठहराव, बंद पड़ी रांची से अजमेर इंटरसिटी का परिचालन शुरू करने, हैदरनगर बस स्टैंड के समीप रेल ओवर ब्रिज का अविलंब निर्माण, पैसेंजर ट्रेनों से स्पेशल का टैग हटाने, गरीब यात्रियों से दोगुना, तिगुना पैसा की वसूली बंद करने, जीडीआर ट्रेन का गया जंशन तक विस्तार करने, शटल टेन को बरवाडीह से डेहरी ओन सोन तक दो फेरा परिचालन कराने, वाराणासी से बरकाकाना ईएमयू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन यथाशीघ्र चालू कराने को रेल उपभोक्ताओं का तेवर एक बार फिर गरमाने लगा है। उपाध्यक्ष अजहर अली ने कहा कि -रांची सासाराम इंटरसिटी के हैदरनगर में ठहराव के लिये लगातार मांग की जाती रही है। पर यहां से अधिक राजस्व मिलने के बावजूद इसमें उपेक्षा की गई है। वहीं राजू खान ने कहा कि रेल प्रशासन इस रेलखंड को कामधेनू के रुप में प्रयोग कर रेलययात्रियों के साथ आर्थिक शोषण बदस्तूर जारी रखा है। कोषाध्यक्ष नावाजिश खान ने कहा कि -रेल प्रशासन की गलत नीति व उपेक्षा ही उपभोक्ताओं को आंदोलन की राह दिखा रही है। बैठक में उनके अलावा विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, मुखिया जितेन्द्र सिंह, सुदर्शन राम, नागेन्द्र मेहता व अशोक यादव, अशरफ हसन, मो. जकारिया, हसन इमाम, मनीष मेहता, कृष्णा राम, सिनेश राम, भवनाथ पासवान, उमेश राम, महताब सिद्दिकी सहित कई अन्य वरीय समिति के सदस्य शामिल हैं।

# एनएचएआई से रैयतों ने एक दिवसीय धरने का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू जिले के बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत शंखा में हो रहे फोर लेन निर्माण कार्य से नाराज रैयतों ने रविवार को शंखा चौक पर आज एक दिवसीय धरने का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक रविंदर नाथ उपाध्याय व विशिष्ठ अतिथि के तौर पर जीएनएम,स्टेट बोर्ड के सदस्य सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि इंद्रिश हवारि मौजूद रहे।वहीं धरना की अध्यक्षता भाजपा नेता सह समाजसेवी नंददेव यादव व संचालन मुखिया प्रत्याशी ओमकार सिंह ने किया।धरना में मौजूद रैयतो ने संयुक्त रूप से ननदेव यादव के नेतृत्व में आगे कि लड़ाई लड़ने कि रणनीति बनाई। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद श्री उपाध्याय ने कहा रैयतो की परेशानी को कुछ लोग राजनीतिक मुद्दा बनाकर अपना उल्लू सीधा करना चाह रहे है। वहीं धरना का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी नंदेव यादव ने कहा कि ठलअक द्वारा रैयतों की आवासीय जमीन को भी कृषि जमीन का ही मुआवजा दिया जा रहा है।जों ठीक नहीं है।जिसके लिए यथा शीघ्र शिष्ट मंडल बनाकर विधायक व सांसद के समक्ष माग पत्र सौंपते हुए हाई कोर्ट जाने का निर्णय लिया गया है। मौके पर मुखिया रोहित तिवारी, जीएम रमाकांत चंद्रवंशी,बम्बू चोबे,अनूप कुमार सिंह,रविरंजन सिंह सहित कई रैयतों की मौजूदगी रहीं।

## बकाया कर्ज मांगने पर लाठी डंडों से प्रहार कर किया घायल, मामला दर्ज



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में बकाया कर्ज मांगने पर गोतीया के सदस्यों ने महिला को लाठी डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले को लेकर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अमही गांव निवासी राजमुनी कुंवर ने हुसैनाबाद थाना मे अपने गोतिया प्रतिमा देवी, सरिता कुमारी, सविता कुमारी, पिंटू चंद्रवंशी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी मे कहा है कि -'मैं दो वर्ष पूर्व प्रतिमा देवी को बीस हजार रुपये कर्ज दिया था। मांगने पर बराबर कोई न कोई बहाना बनाकर टाल दिया करती थी। जब रविवार को बकाया राशि मांगने गई तो उक्त चारों लोगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से प्रहार कर घायल कर दिया।'पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल मे भेजा। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकिसक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया है। थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि लिखित शिकायत पर केस पंजीकृत करते हुए घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# किसान ब्रिगेड की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रविवार को शिव मंदिर स्थित संस्कार भवन में किसान ब्रिगेड हैदरनगर प्रखंड इकाई के तत्वावधान में कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जवाहर अग्रवाल ने की। जबकि संचालन शिवपुजन सिंह ने किया। इस बैठक में हैदरनगर प्रखंड की सभी पंचायतों के कार्यकताओं ने भाग लिया और बारी बारी से अपने वक्तव्य को रखा। इसलिए आप सभी पुरी ईमानदारी से, ऊर्जा और जोश के साथ दिए गए दायित्व का निर्वहन करें। अपने संबोधन के दौरान किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद में आयोजित ऐतिहासिक किसान महापंचायत को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समस्त कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आज पलामू जिला सहित पूरे हुसैनाबाद विधानसभा की जनता इस समय भूमि गड़बड़ी, रि सर्वे, गलत बिजली बिल, बालू की समस्या, अवैध खनन, पेयजल, सरकारी कार्यालयों में फैले भ्रष्टाचार जैसी विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है।आप सभी के हक और अधिकार की लडाई किसान ब्रिगेड लड़ रही है और यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। हमारी विचारधारा हर वर्ग को साथ लेकर चलने की है। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंडों में किसान ब्रिगेड कमेटी का गठन हो चुका है। इस बैठक में समाजसेवी बुटन यादव, बसंत सिंह, दीलीप मेहता, नागेश्वर प्रजापति, अर्जुन राम, रविंद्र सिंह, अजय प्रजापति, अरबिंद सिंह, गोपाल प्रजापति, ललन रजवार, गोविंद राम, बबीता मेहता, लता देवी, खुशबू, विशाल व विकास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रपट

## शिक्षक ने लगाया स्कूल भवन भाड़े पर

# विद्यार्थियों से करायी जा रही है मजदूरी

### सूचना के बावजूद भी संबंधित अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** चंद पैसों के लालच में पलामू जिले के पांकी प्रखंड के सुड़ी पंचायत के सलगस स्थित नावाडीह - पचरुखिया न्यू प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र मेहता के द्वारा इन दिनों स्कूल भवन को भाड़े में लगा दिया गया है। यही नहीं स्कूल में पढ़ने वाले मासूम बच्चों से मजदूरी करायी जा रही है। सूचना के बावजूद भी संबंधित अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बताते चलें कि पांकी के सलगस स्थित नावाडीह आदि वन विभाग के वन क्षेत्र में पौधारोपण का कार्य किया जाना है। वन विभाग के द्वारा पौधा लगाने के लिए क्षेत्र में गड्ढे की खुदाई की जा रही है। इसके अलावे पौधों के बीज तैयार करने का काम हो रहा है। सबसे अहम बात है कि स्कूल में पढ़ने वाले मासूम बच्चों से मजदूरी करायी जा रही है। यही नहीं बच्चों के अलावे गांव के जो व्यक्ति मजदूरी कर रहे हैं, उन्हें उचित मजदूरी भी नहीं मिल रही है। पेट की आग बुझाने के लिए मजबूरन कम मजदूरी में ही मजदूरों को काम करना पड़ रहा है। गड्ढा खोदने के लिए बाहर के मजदूरों को बुलाया गया है। बाहर के जो मजदूर गड्ढे खोदने के लिए पहुंचे हैं , वे स्कूल भवन में पिछले कई दिनों से कब्जा जमाए हुए हैं। बताया जाता है कि स्कूल के शिक्षक वीरेंद्र मेहता पैसे के लालच में मजदूरों को रहने के लिए स्कूल भवन को भाड़े में लगा दिये है। मजदूर स्कूल भवन में रहकर काम कर रहे हैं, इसके बदले वन विभाग के द्वारा स्कूल के शिक्षक को भाड़ा दिया जाता है। काम करने वाले मजदूर आदित्य भुइयां , केश्वर भुइयां , बानहो भुइयां आदि ने बताया कि उन्हें उचित मजदूरी नसीब नहीं हो रहा है। विभाग के द्वारा 12 घंटा काम करवाया जा रहा है। इसके बावजूद उचित मजदूरी नहीं मिल रहा है। उचित मजदूरी की मांग करते हैं तो काम कराने वाले व्यक्ति धौंस जमाते हुए बाहर के मजदूर से काम कराने की धमकी देते हैं। यही नहीं मजदूरों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। वहीं गांव के अरुण कुमार समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा मासूम बच्चों से मजदूरी कराया जाता है। बच्चे स्कूल छोड़कर मजदूरी कर रहे हैं लेकिन उन्हें उचित मजदूरी भी नहीं मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात 10:00 बजे तक मोबाइल की लाइट के सहारे मासूम बच्चों से मजदूरी करायी जाती है। मुंशी अनुज कुमार और राकेश कुमार ने बताया कि पार्ट टाइम में बच्चे आकर काम करते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

### शहर का गांधी स्मृति टाउन हॉल बना शराबियों का अड्डा

**मेदिनीनगर।** शहर के गांधी स्मृति टाउन हॉल में सरकारी कार्यक्रम के साथ ही अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। लेकिन अब यह टाउन हॉल शराबियों का अड्डा बन चुका है। प्रतिदिन लोग टाउन हॉल में घुसकर शराब पीते हैं और शराब पीकर बोतल जहां-तहां फेंक देते हैं। यह किसी बाहरी व्यक्ति का काम नहीं है बल्कि जो टाउन हॉल के कर्मचारी हैं, उन्हीं का काम है। टाउन हॉल की देखरेख करने वाले कर्मचारी ही यहां अन्य लोगों को बैठाकर शराब पिलाते हैं।अब सवाल यह उठता है कि जब सरकारी जगह ही शराबियों का अड्डा बन गया तो अन्य जगहों की बात कौन करे।वहीं शहर के छह मुहान चौक स्थित कई ऐसे होटल हैं जो शराबियों को बैठाकर शराब पिलाने का काम करते हैं। वैसे तो दिनभर टाइगर मोबाइल के जवान इधर-उधर घूमते रहते हैं परंतु इन होटलों पर उनकी नजर नहीं जाती है।

### एसी चालू होने से बर्न मरीजों को राहत

**मेदिनीनगर।** बर्न वार्ड में मरीजों के शिकायत पर अस्पताल अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसी चालू करवाने का काम किया। जानकारी के अनुसार कई महीनों से सदर अस्पताल के बर्न वार्ड में एसी खराब था। जिसके वजह से बर्न मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता थाऔर गर्मी की वजह से जलन से मरीज तड़पते रहते थे। दो दिन पहले बर्न वार्ड के मरीज के परिजनों द्वारा अस्पताल अधीक्षक को एसी खराब होने की सूचना दी गई। ऐसी खराब होने की सूचना पाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दिन में ऐसी चालू करवा दिया गया। जिसके वजह से अब बर्न मरीज काफी राहत महसूस कर रहे हैं। मरीज के परिजनों ने अस्पताल अधीक्षक को इसके लिए धन्यवाद दिया है।

### 19 को होगी मूल याचिकाकर्ता शिक्षकों की काउंसिलिंग

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विभिन्न विषयों में अनुशंसित मूल याचिकाकर्ता शिक्षकों की 19 अप्रैल को काउंसलिंग की जायेगी। यह जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि जिला स्कूल में 11 बजे से शाम 5 बजे काउंसलिंग की जायेगी। मूल याचिकाकर्ता स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, इतिहास, नागरिक शास्त्र, गृह विज्ञान, गणित, भौतिकी, शारीरिक शिक्षा व उर्दू के पद पर नियुक्ति के लिए 41 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की अनुशंसा की गयी है। अनुशंसित अभ्यर्थी शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रों के साथ उक्त तिथि को काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित होंगे।उसके बाद अभ्यर्थियों को स्कूल आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चियांकी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में एक सौ से ज्यादा पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण चल रहा है जिन्हें प्रशिक्षण के बाद प्रोन्नति मिलेगी। शनिवार को प्रशिक्षण के दौरान माइनर एक्ट सिलेबस के विषय, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 की जानकारी एवं उससे जुड़े कानूनी पहलुओं के संबंध में झारखंड सरकार के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की सहायक निदेशक श्रीमती कंचन सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## महापौर ने किया पनशाला का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** निगम की महापौर अरुणा शंकर के आग्रह पर शहर के दोअग्रणी सामाजिक संगठन जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटनगंज एवं मारवाड़ी युवा मंच ने पनशाला खोल एक बार फिर समाज के लिए समर्पित भावना से कार्य किया है । जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटनगंज की पनशाला होटल निरवाना के समीप शुभारंभ करते हुए महापौर अरुणा शंकर ने कहा- 'मुझे बेहद खुशी है कि आज भी हमारा शहर जिंदा है। जहां भी समाज की आवश्यकता होती है सारे सामाजिक संगठन एक होकर कार्य करते हैं।तभी हम लोगों ने कोरोना जैसे महामारी के वक्त सभी संगठनों के सहयोग से लड़ाई पर विजय पाई थी।' हमारे शहर में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र से 50 हजार के आसपास लोग शहर को आते हैं जो पनशाला पर निर्भर होते है। जहां जायंट्स ग्रुप द्वारा चना गुड़ के साथ लोगों को पानी पिलाया जा रहा है। वहीं मारवाड़ी युवा मंच के सौजन्य से ललित उदयपुरिया के निवास, राहुल ऑटो कनीराम चौक , राजेश शंघाई के आवास, किशोरी लाल के दुकानों पर पनशाला का शुभारंभ ललित उदयपुरिया द्वारा कीया गया है। जो बधाई के पात्र हैं । महापौर ने और भी संगठनों से अनुरोध किया है कि गर्मी भयावह है। लोग आगे आकर जन सेवा में लगे ताकि कोई भी कंठ प्यासा ना रहे।




# पलामू में 11 लाख बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाने का लक्ष्य

**20 अप्रैल को जिला प्रशासन ने खास तैयारी की**

**1 से 19 साल के बच्चों को दवा खिलाई जायेगी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (20 अप्रैल) को जिला प्रशासन ने खास तैयारी की है। इस दिन कृमि मुक्ति के लिए अभियान चला कर 1 से 19 साल के बच्चों को दवा खिलाई जायेगी। जिले में 11 लाख से अधिक बच्चों को कृमि नाशक अल्बेंडाजोल गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। यह गोली जिले में सभी सरकारी व निजी विद्यालयों एवं सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर खिलाई जाएगी। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने इसे लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक की। जिसमें उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य व आईसीडीएस को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त दोड्डे ने जिले के सभी अभिभावकों से भी इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अल्बेंडाजोल गोली खाने से किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है। बल्कि इसे सेवन करने वाले बच्चों का स्वास्थ्य उत्तम रहता है। जिससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आती है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि -'अगर उनके बच्चे 1-19 वर्ष के बीच के हैं तो वे अपने बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली अवश्य खिलायें। जो बच्चे 20 अप्रैल को दवा खाने से वंचित रह जाएंगे उनके लिए 25 अप्रैल को फिर से अभियान चलाया जायेगा।' वहीं, डीआरसीएचओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने अभियान के दौरान आनेवाली समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उसके समाधान के विषय पर भी बात की। उन्होंने बताया कि दवा खिलाये जाने के बाद किसी को स्वास्थ्य के संबंध में किसी प्रकार की समस्या आती है तो ऐसे में 104 पर संपर्क किया जा सकेगा। वहीं एंबुलेंस हेतु 108 पर फोन किया जा सकता है। इस संबंध में जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001803024 पर संपर्क कर सकते हैं।




### मिशन समृद्धि संस्था ने चलाया रोटी अभियान

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि के द्वारा शहर के अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच भोजन वितरण किया गया। समृद्धि के रोटी अभियान द्वारा समाज में एक अच्छा संदेश व्याप्त हुआ है। पहले लोग रोटी देने में हिचकते थे । रोटी देना बोझ या फालतू महसूस होता था। लेकिन अब ऐसी बात नहीं है। रोटी देने वाले परिवारों की संख्या कोरोनाकाल से भले ही कम हो गई हो परन्तु उनकी निष्ठा में थोड़ी भी कमी नहीं हुई है। रोटी देने वाले परिवारों में देने के प्रति उनकी आस्था और बढ़ती जा रही है। जिसकी बदौलत यह अभियान निर्विघ्न चलता चला आ रहा है। बच्चे तो अभी से ही जान चुके हैं कि हमें बांटकर खाना है, जिसका श्रेय मिशन समृद्धि संस्था को जाता है। संस्था द्वारा भोजन देने वाले परिवारों का आभार व्यक्त किया जाता है। इस कार्य मे वैजन्ती गुप्ता, वीणा गुप्ता ,शैलेन्द्र सिंह ,बेबी पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय, ऋषि कुमार का योगदान रहा।

## झारखंड स्टूडेंट यूनियन करेगी सीएम आवास का घेराव



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 60-40 नियोजन नीति के विरोध में झारखंड स्टूडेंट यूनियन ने 19 अप्रैल को झारखंड बंद की घोषणा की है। पलामू से भी कई युवा इसमें भाग लेने के लिए रांची गए है।वही यूनियन ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि 60-40 की हेमंत सरकार की नियोजन नीति हितकारी नहीं है। इसे वापस लेना ही होगा। परंतु ऐसा लगता है कि वर्तमान सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में संघ के द्वारा अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर तीन दिवसीय आंदोलन शुरू किया जायेगा। जिसका पहला चरण सीएम आवास का घेराव करके शुरू किया जायेगा। कल राज्य के सभी जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस निकलेगा। जबकि 19 अप्रैल को संपूर्ण झारखंड बंद रहेगा। यूनियन ने बताया कि 60-40 की नियोजन नीति को वापस लेने और खतियान आधारित नियोजन नीति तय करने के मुद्दे पर झारखंड के विभिन्न संगठन भी साथ हैं। तीन दिवसीय आंदोलन को सफल बनाने को आदिवासी मूलवासी संगठन, सामाजिक छात्र संगठन भी सपोर्ट करेंगे। इस संबंध में मुख्य सचिव और डीजीपी को भी पत्र लिखा जा चुका है। चूंकि लंबे समय के संघर्ष, त्याग के बाद 15 नवंबर 2000 को झारखंड के रूप में अलग राज्य की सौगात मिली। अलग राज्य का यह भी उद्देश्य था कि यहां की नौकरी स्थानीय के लिए सुरक्षित हो। 9 मार्च 2023 को कैबिनेट की बैठक में 2016 वाली अर्थात 60-40 नियोजन नीति को मंजूरी दी गयी। इसमें झारखंडी भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा जानने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गयी है।

## कम खर्च में समूचित इलाज करना बहुत बड़ा मानवीय धर्म : अर्जुन पांडेय

**मेदिनीनगर।** कम खर्च में समूचित इलाज करना बहुत बडा.मानवीय धर्म है और इसके लिए जीवन रक्षक क्लिनिक बधाई की पात्र है। यह कहना है राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय(गुरु पांडेय)का।श्री पांडेय शनिवार देर शाम को स्थानीय रेलवे स्टेशन मार्ग में जीवन रक्षक क्लिनिक के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। इसके पूर्व श्री पांडेय ने फीता काट कर व दीप प्रज्जवलित कर जीवन रक्षक क्लिनिक का उदघाटन किया। इस संबंध में क्लिनिक के संचालक देवेंद्र तिवारी व प्रवीण पाठक ने बताया कि इस क्लिनिक में देश के सभी सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की आनलाईन सुविधा उपलब्ध है। जो विडियो कांफ्रेंसींग के द्वारा मरीज को अपनी सुविधा देगें। वहीं सरकारी दर पर जांच की सुविधा भी क्लिनिक में उपलब्ध है। क्लिनिक में 350 डाक्टरों का पैनल मौजूद है। जो विभिन्न रोग के विशेषज्ञ हैं और काफी कम लागत पर 24 घंटे मरीजों की सेवा में उपलब्ध है। समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय,अशोक साहनी,किशोर पांडेय,प्रदीप तिवारी, अखिलेश तिवारी,विजय तिवारी, राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के नवीन तिवारी,संतोष तिवारी,मनीष तिवारी,शैलेश तिवारी,विकास दूबे,चंदन तिवारी, लल्लू पांडेय,आशीष भारद्वाज,अजय शुक्ला,बिजू बाबा,विश्वजीत सिंह,सतीश तिवारी,अनील दूबे,सुशील तिवारी,रवि शर्मा,मेघा डाल्टन,श्री राम डाल्टन, इसरार खान,सतेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## चंपई सोरेन ने भाजपा पर लगाया आदिवासी परंपरा को मिटाने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा झारखंड के आदिवासी मूलवासीयों की परंपरा को मिटाना चाहती है, यह आरोप झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने लगाया है। चंपई सोरेन पलामू में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के द्वितीय केंद्रीय महासम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड गरीब नहीं है, बल्कि यहां के आदिवासी और मूलवासी गरीब हैं। पिछले 23 वर्षों में विपक्ष द्वारा इतने सवाल खड़े किए गए हैं कि विकास कार्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सीएनटी, एसपीटी एक्ट के लिए आदिवासियों ने बड़ी लड़ाई लड़ी है।उनकी सरकार आदिवासियों की परंपरा को बचाने में लगी हुई है। भाजपा की सरकार ने सीएनटी, एसपीटी एक्ट में फेरबदल की कोशिश की थी। चंपई सोरेन ने कहा कि जिन जमीनों को धोखे से लूट लिया गया है, उन जमीनों को यह सरकार वापस करवाएगी। दरअसल, पलामू में दो दिवसीय अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का द्वितीय केंद्रीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया था। पलामू प्रमंडल मुख्यालय मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में शनिवार को महासम्मेलन का आयोजन किया गया था। महासम्मेलन में मंत्री चंपई सोरेन, विधायक रामचंद्र सिंह समेत कई राजनीतिक हस्तियों ने भाग लिया। महासम्मेलन में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री रामेश्वर उरांव और मिथिलेश ठाकुर को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन वह किन्हीं कारणों से शामिल नहीं हो पाए। इस महासम्मेलन में कई और प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें यह कहा गया कि आदिवासी महासभा अगले पांच वर्षों के लिए एक कार्ययोजना तैयार करेगी। आदिवासी महासभा के महासम्मेलन में पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत कई जिलों के लोग जमा हुए थे।



## कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव झारखंड के प्रभारी आदरणीय श्री अविनाश पांडे जी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी से मुलाकात करके संगठनात्मक पर विचार विमर्श किया एवं जिले में चल रहे जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने बताया कि पलामू जिले के सभी प्रखंडों की पंचायत में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अभी तक 18 दिनों के कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया है। जिसके लिए प्रदेश प्रभारी श्री अविनाश पांडे जी ने पलामू जिला कांग्रेस कमेटी को बधाई और शुभकामना दी। ज्ञात हो कि प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश, अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय एवं राज्य कृषि मंत्री श्री बादल पत्रलेख पलामू जिले में आयोजित मशाल जुलूस में शिरकत किए थे व गांधी स्मृति टाउन हॉल में जय भारत सत्याग्रह सभा में लोगों को संबोधित किए थे। पलामू जिले में चलाए जा रहे कार्यक्रम को लेकर उन्होंने हर्ष वक्त किया। पलामू जिला में प्रदेश प्रभारी के आगमन ने कांग्रेस के कार्यकताओं में उर्जा एवं जोश भरने का काम किया है।

### छत की सीढ़ी से गिरकर युवक घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कांदू मोहल्ला निवासी स्वर्गीय बली पासवान का पुत्र बिगन कुमार उम्र 21 वर्ष छत के सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बिगन कुमार बीती रात अपने घर के छत पर सोया हुआ था। तभी रात में नींद खुलने पर सीढ़ी से उतरने के दौरान वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसमें उसके सिर और हाथ में गंभीर चोट लगी है।

## आनंद मार्ग संघ मनायेगा धूमधाम से आनंद पूर्णिमा

**मेदिनीनगर।** आगामी 5 मई को आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरू श्री श्री आनंदमूर्ति सह श्री प्रभात रंजन सरकार का 102वां जन्मदिवस है। जिसे लेकर भक्ति कमेटी ने आबादगंज महिला जागृति में बैठक की। बैठक में आनंद पूर्णिमा के दिन यानी आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरु का 102वां जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि जिले के तमाम आनंदमार्गी उस दिन नई मोहल्ला आनंदमार्ग जागृति परिसर में इकट्ठा होते हैं और धूमधाम से अपने बाबा का जन्मदिन मनाते हैं। वरिष्ठ मार्गी जगरनाथ जी ने बताया- अनंदमार्गियो के लिए यह दिन बहुत ही खास माना जाता है। उस दिन सैकड़ों आनंदमार्गियो के लिए रहने व खाने-पीने का सारा इंतजाम जागृति परिसर में ही किया जाता है। 1921 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्री श्री आनंदमूर्ति जी का जन्म बिहार के जमालपुर में सुबह के 6 बज कर 7 मिनट पर हुआ था। उस समय पर सभी मार्गी उत्साह से कीर्तन भजन करते है। उसके बाद साधना करते हैं। पूजा खत्म होने के बाद शहर भर में शोभायात्रा निकाल कर धर्म प्रचार किया जाता है। उसी तरह आगामी 5 मई को भी किया जाएगा। जागृति परिसर में दिनभर मनोरंजन व तरह तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में भुक्ती प्रधान मधेश्वर देव, आचार्य ब्रजगोपाला आनंद अवधूत, बैधनाथ जी, विश्वनाथ जी, हीरालाल, नंदू, दीपक, अरविंद, रामसरूप, सरोज, प्रदीप, मणिकांत, आनंद, चंदू, पुस्पलता, सहज प्रिया, उर्मिला, मधु, पूनम, अन्य उपस्थित थे।



नामजदगी

### ग्रामीणों ने पुलिस पर किया हमला, एक हवलदार घायल

# पुलिस ने की ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज

**ग्रामीणों ने मांइस में आकर की तोड़-फोड़ व जान से मारने की दी धमकी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के कुहकू कला के ग्रामीणों ने बीती रात नौडीहा बाजार के थाना प्रभारी अमन कुमार और जवानों पर भाला,टांगी और लाठी से हमला कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि बीती रात नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के कुहकू कला गांव से कुहकु माइंस स्टाफ के द्वारा फोन पर सूचना मिली कि ग्रामीण माइंस में आकर तोड़फोड़ और हमें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उक्त जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो पुलिस को आते देख ग्रामीणों ने पुलिस पर लाठी,भाला टांगी से हमला कर दिया। जिसमें एक हवलदार युगल किशोर राम घायल हो गए। हवलदार के घायल होने के बाद थाना प्रभारी व जवानों के द्वारा भाला और लाठी चला रहे ग्रामीण को पकड़ने का प्रयास किया गया। परंतु भाला और लाठी भांजते हुए ग्रामीण जंगल की ओर भाग निकले। थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह स्थानिय लोगों से इस घटना के बारे में पता चला कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता 1.रुचिर तिवारी पे0 नामालूम, 2. के डी सिंह पे० नामालूम, 3. सूर्यपथ सिंह पे0 नामालूम 4. संतोष विश्वकर्मा पे० गनौरी विश्वकर्मा 5. संजय विश्वकर्मा 6. विजय विश्वकर्मा 7. नथुनी विश्वकर्मा तीनों पे0 बिगन विश्वकर्मा 8. गनौरी विश्वकर्मा पे० स्व० हलखोरी विश्वकर्मा 9. अशोक विश्वकर्मा पे० गनौरी विश्वकर्मा 10. राजदेव यादव पे० भुलन यादव 11.राजवीन्द्र यादव पे0 स्व0 रामसुन्दर यादव 12. प्रवेश भुईयां पे0 नामालूम एवं अज्ञात 10-12 महिलाओं द्वारा आपराधिक षड्यन्त्र रच कर माइंस की मशीन तोड़-फोड़ की गई और मशीन जलाने का प्रयास भी किया गया एवं पुलिस के द्वारा रोकने पर पुलिस को भयोक्रांत करते हुए जानलेवा हमला किया और करवाया एवं साथ आये व्यक्ति प्रवेश भुईयां को घायल किया गया। आपराधिक षड्यन्त्र रच कर माइंस का मशीन तोड़-फोड़ करना, मशीन जलाने का प्रयास करना एवं पुलिस के द्वारा रोकने पर पुलिस पर जानलेवा हमला करना एवं साथ आए व्यक्ति प्रवेश भुईयां को घायल करना और थाना सशस्त्र बल के हवलदार को जख्मी करना एक जघन्य अपराध है । हमारी ओर जान मारने कि नियत से फेके गए भाला को विधिवत जप्ती सूची तैयार कर जप्त किया गया। अतः उपरोक्त आपराधिक कृत्य करने हेतु भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता 1. रुचिर तिवारी पे0 नामालूम 2 के डी सिंह पे० नामालूम, 3. सूर्यपथ सिंह पे० नामालूम 4.संतोष विश्वकर्मा पे0 गनौरी विश्वकर्मा 5. संजय विश्वकर्मा 6. विजय विश्वकर्मा 7. नथुनी विश्वकर्मा तीनों पे० बिगन विश्वकर्मा 8. गनौरी विश्वकर्मा पे0 स्व० हलखोरी विश्वकर्मा 9. अशोक विश्वकर्मा पे० गनौरी विश्वकर्मा 10. राजदेव यादव पे0 भुलन यादव 11. राजवीन्द्र यादव पे० स्व0 रामसुन्दर यादव 12. प्रवेश भुईयां पे० नामालूम एवं अज्ञात 10-12 महिला एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अन्य 4-5 कार्यकर्ता नाम-पता नामालूम पर भारतीय दंड सहिंता की धारा 147/ 148/ 149/ 332/ 353/ 323/ 307/ 427/120 के तहत थाना में मामला दर्ज किया गया है।



## भाजयुमो ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजयुमो के द्वारा सेवा समरसता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत चैनपुर प्रखण्ड के बसरिया गांव के पंचायत भवन परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जनरल फिजीशियन,दंत रोग विशेषज्ञ,हड्डी रोग विशेषज्ञ,महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने गांव के सैकड़ों महिला- पुरुष,बच्चों एवं बच्चियों का हेल्थ चेकअप कर निःशुल्क दवा वितरण की। उचित खानपान एवं वर्तमान समय में हो रही कई बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताएं गए। स्वास्थ्य शिविर के अवसर पर मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे ने कहा कि मोर्चा द्वारा देशभर में सेवा समरसता सप्ताह के अंतर्गत कई कार्यक्रम पिछले 1 सप्ताह से चलाए जा रहे हैं। सेवा सप्ताह में जिला के कई जगहों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाना तय था। हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कैसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिजली ,पानी ,स्वास्थ्य ,शिक्षा की मूलभूत सुविधा उनको मिल सके इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। जरूरतमंदों की सेवा करना ही हमारी राजनीति का लक्ष्य हैं और इसके लिए हम सदैव खड़े हैं। उनकी मुस्कान से ही हमें हौसला मिलता है । स्वास्थ्य शिविर प्रभारी विपुल गुप्ता ने कहा कि आर्थिक तंगी एवं अशिक्षा के कारण लोग शहर में आकर किसी भी समस्या का तुरंत इलाज नहीं कराते हैं,जिससे वह समस्या लाइलाज बन जाती है। इस कारण मोर्चा द्वारा प्रखंडों एवं सुदूर गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही समुचित चिकित्सीय परामर्श के साथ-साथ निशुल्क दवा की व्यवस्था कराई जा रही है। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 300 ग्रामीणों का इलाज एवं मुफ्त दवा वितरण हुआ। इस अवसर पर जिला मंत्री चंदन केसरी ,मंडल अध्यक्ष सुदेशवर चौधरी, मुखिया नीतीश कुमार सिंह,गोरख सिंह ,कृष्णा सिंह कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

## वाहन चेकिंग अभियान में 21 वाहन किए जब्त



**केतार।** पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर रविवार को केतार पुलिस ने कोल मोड़ पर एंटी क्राईम के तहत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पीएसआई कृष्णा उरांव के नेतृत्व में पुलिस ने कोल मोड़ की सड़क से गुजरने वाली दर्जनों दो पहिया तीन पहिया और चार पहिया वाहनों की वाहन की कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस, इस्यूरेंस ट्रीपल लोडिंग, वाहन की डिकी की गहनता से जांच किया। जांच के दौरान बिना कागजात , लाइसेंस और हेलमेट के सफर कर रहे दो टेम्पु और 19 बाईक चालकों का बाइक जब्त कर थाना लाया गया। जब्त वाहनों का चालान काटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने वाहन चालकों को वाहन के कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस लेकर और हेलमेट पहनने की नसीहत दी।

### पेयजल की सुविधा दुरुस्त नहीं होने के कारण गर्मी में लोग पानी के लिए भटकने लगे

# ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल जल योजना का लाभ

**मनीष कुमार। डंडाई**

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में वर्ष 2019 -20 में शुरू की गई नल जल मिशन योजना का लाभ अभी तक ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। पंचायत के गांव घर के लोगों तक नल जल योजना की सुविधा नहीं पहुंच सकी है। पेयजल की सुविधा दुरुस्त नहीं होने के कारण गर्मी के दस्तक के साथ ही लोग पानी के लिए भटकने लगे हैं। वहीं सुदूरवर्ती गांव में हर घर तक वर्ष 2024 तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उसके तहत प्रत्येक घर को नल जल योजना का कनेक्शन प्रदान करना है। लेकिन योजना के क्रियान्वयन की रफ्तार कछुए की चाल की जैसी है। वर्ष 2019 में शुरू हुई योजना को वर्ष 2023 तक प्रखंड के घरों तक नलजल योजना कनेक्शन का लाभ नहीं मिलना मामले का उदाहरण है। प्रखंड का अधिसंख्य घर आज भी नल जल योजना विहीन है। प्रखंड में विभिन्न मदों से लगे जलमीनार गुणवत्ता विहीन होने की वजह से लगने के कुछ ही दिनों बाद वह दम तोड़ दिया है। ग्रामीणों ने जल मीनारों के खराब होने की शिकायत प्रखंड के पदाधिकारी विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पास कर चुके हैं लेकिन आज तक उसे दुरुस्त नहीं किया गया। उक्त कारणों से योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।



जल नल योजना पर प्रतिक्रिया देते 20 सुत्री अध्यक्ष व प्रमुख सहित सभी जनप्रतिनिधियों के फोटो।

प्रमुख कान्ति देवी ने कहा कि बहुत पहले ही नल जल योजना की शुरूआत प्रखंड में हुई है। लेकिन आज तक वह सिर्फ दिखावा का रह गया है। नल जल योजना का लाभ बहुत ही कम घरों को मिल सका है। 20सुत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्रों में लगे जल मीनारों के गुणवत्ता काफी खराब होने के कारण आज तक ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल सका है। सरिता सिंह मुखिया ग्रामपंचायत पंचौर ने कहा कि पहले के जनप्रतिनिधि के द्वारा सिर्फ जल मीनार लगवाया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त जल मीनार में जो अच्छा होगा उससे कनेक्शन करा नल जल योजना का लाभ पंचायत के लोगों को दिया जाएगा।

धनवंती देवी मुखिया ग्रामपंचायत डंडई ने कहा कि पूर्व में लगा जल मीनार अधिकांश खराब होकर पड़ा है। उक्त जल मीनारों में जो अच्छा होगा उसमें कनेक्शन करा नल जल योजना का लाभ पंचायत के लोगों को दिया जाएगा। बिंदा देवी मुखिया ग्राम पंचायत करके ने कहा कि नल जल योजना धरातल पर नहीं उतर सका है। बहुत ही जल्द धरातल पर उतार उसका लाभ पंचायत के ग्रामीणों को दिया जाएगा। महेंद्र चौधरी मुखिया ग्राम पंचायत जरही ने कहा कि पंचायत में जल मीनार अधिक खराब होकर पड़ा हुआ है। शेष जल मीनार से नल जल का कनेक्शन के लिए पीएचडी विभाग के कर्मियों के द्वारा पहल शुरू कर दिया गया है।

मुनिता देवी मुखिया ग्राम पंचायत तास रार ने कहा कि मेरे पंचायत के अधिकतम जल मीनार खराब हैं। शेष बचे एक दो जल मीनार से नल जल की आपूर्ति शुरू है। अन्य के लिए पहल किया जा रहा है।

बच्चा लाल गुप्ता मुखिया ग्राम पंचायत लवाही ने बताया कि पंचायत अंतर्गत लगे जल मीनारों में मात्र दो तीन जल मीनार सही है। जिससे कनेक्शन कर नल जल योजना का लाभ पंचायत वासियों को दिया जा रहा है।

संगीता देवी मुखिया ग्राम पंचायत झोंतर ने बताया कि पंचायत में लगा जल मीनार अधिकांश खराब हो गया है। मात्र दो-तीन ठीक है जिससे कनेक्शन कर नल जल योजना का लाभ पंचायत वासियों को दिया जा रहा है।

## कुछ वार्डों में लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पा रहा है : विजयालक्ष्मी देवी

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर जिन वार्डों में सोलरयुक्त जलमीनार अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण हो चुका है, उसे प्रारम्भ कर वार्डवासियों को पेयजल की आपूर्ति कराने, जिन वार्डों में जलमीनार का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, उसे शीघ्र पूरा कराने तथा जहां जलमीनार से लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल रहा है वहां टैंकर से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।



नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा है कि सभी वार्डों में सोलरयुक्त जलमीनार का अधिष्ठापन किया गया है। कुछ वार्डों में अभी निर्माण कार्य प्रारंभ है। जलमीनार अधिष्ठापन के बाद भी कुछ वार्डों में वार्डवासियों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पा रहा है।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर सम्मानित किए गए बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के चिनिया रोड स्थित श्री साई पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय का 11वां वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिवक्ता प्रेमचंद तिवारी, रेखा देवी एवं प्रो दिवाकर चदुवेर्दी ने संयुक्त रूप से श्री साई भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रजवल्लित कर किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथियों ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए तत्पर है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान कृष एंड ग्रुप, दूसरा स्थान नीति एंड ग्रुप, और तृतीय स्थान रानी एंड ग्रुप को दिया गया। इसी प्रकार जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान योगिशा ओझा, दूसरा स्थान भूमि एंड ग्रुप और तृतीय स्थान - संतोषी एंड ग्रुप को दिया गया। आरुषि कुमारी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीतीश चौबे ने किया।इस मौके पर निदेशक राज नारायण चौबे, प्रधानाध्यापक नितेश चौबे, शिक्षक एन एन दुबे, संजू कुमारी, रूपांजली कुमारी, इशिका दुबे, पूनम कुमारी, नेहा कुमारी, रीमा कुमारी, मुकेश पाल, बेद प्रकाश मेहता, नेहा पाल, निकिता कुमारी, महिमा कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।






# श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ व सीताराम की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर

### मंदिर के प्लास्टर आदि का काम किया जा रहा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा प्रखंड के तिवारी मरहटिया गांव स्थित देवी धाम शक्ति पीठ पर होनेवाले श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री सीताराम भगवान की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर तैयारी जोरों पर है। स्थापना को लेकर मंदिर के दूसरे तल की ढलाई की गयी। साथ ही मंदिर के प्लास्टर आदि की काम की जा रही है।

वहीं यज्ञ साला का निर्माण, कुंड का निर्माण आदि का काम जोरो पर किया जा रहा है। यज्ञ साला निर्माण के लिये बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के कालाकार दिन-रात लगे हुये है। यज्ञ करा रहे यज्ञाचार्य श्रीश्री 1008 उदय नारायणाचार्य ने कहा की यज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को कलश यात्रा, 30 अग्नि मंथन, तीन मई को श्री सीताराम भगवान की मूर्ति स्थापना, एवं चार मई को यज्ञ की पूणार्हुति की जायेगी. उन्होंने कहा कि लगभग दो माह से सत्ती पीठ पर यज्ञ को लेकर भागवत कथा की जा रही है।

साथ ही इस पांच दिवसीय यज्ञ को लेकर प्रवचन भी किया जायेगा। इसमे जगतगुरु श्रीश्री 1008 श्री रंगनाथाचार्य जी महाराज, काशी के मनोज मिश्रा, रघुवंश शास्त्री, संगतमय प्रवक्ता सुषैण वैद्य द्वारा प्रवचन किया जायेगा। इधर यज्ञ को सफल बनाने में समिती के अध्यक्ष त्रिलोक नाथ तिवारी, सचिव मदन तिवारी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय, प्रमचंद्र तिवारी, मुरारी तिवारी, विनायक विश्वकर्मा, तिवारी, गोरखनाथ तिवारी, सुजीत विश्वकर्मा, आशीष वर्मा, सुभाष तिवारी, विनोद तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, प्रेमसागर वर्मा, पारस विश्वकर्मा, छोटन प्रजापति, सुशील तिवारी, रविन्द्र तिवारी, दीपक ठाकुर, चंद्रमा तिवारी, सोनू विश्वकर्मा, गौतम चौहान आदि सक्रिय रूप से लगे हुये है।

# गढ़वा पुलिस ने पीपल के पेड़ के पास वृद्ध का शव किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला पुलिस ने रविवार को सोनपुरवा बाईपास स्थित पीपल के पेड़ के पास से एक वृद्ध का शव बरामद किया है।

मृतक गढ़वा शहर के ऊंचरी मोहल्ला में रहकर इधर-उधर भीख मांग कर अपना जीवन यापन कर रहा था बताया गया कि मृतक के नाम इसहाक चूड़ी फरोश है वह पलामू जिले के रहने वाला था समाचार के अनुसार मृतक कहीं से भिक्षा टन करके धूप में लौट के आया था इसके बाद वह आराम करने के लिए बाईपास स्थित श्मशान घाट के सामने पीपल के पेड़ के पास बैठा था इसी दौरान उसकी मौत हो गई घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है।




# मदनी बने 15 सूत्री कार्य समिति सदस्य, झामुमो नेता ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झामुमो के वरिष्ठ नेता जैनुल आबेदीन खान उर्फ मदनी खान को प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्य समिति का सदस्य मनोनित किया गया है। उन्हें सदस्य बनाए जाने पर रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर एक समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। झामुमो नेताओं व कार्यकताओं ने उन्हें माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस कार्य के लिए लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मदनी खान को बधाई दिया।



झामुमो के वरिष्ठ नेता नसीम अख्तर ने कहा कि मदनी खान को सदस्य बनाए से 15 सूत्री कार्य समिति से संबंधित कार्यों को गति मिलेगी। वे निष्पक्षता के साथ अपनी उर्जा लगाकर कार्य करेंगे। बधाई देने वालों में नसीम अख्तर सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जिलाधक्ष आलमगीर अंसारी, केंद्रीय समिति सदस्य शरीफ अंसारी, अल्पसंख्यक विधायक प्रतिनिधि मासूम खान, वन एवं पर्यावरण के प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू,फूजेल अहमद, अनिता दत्त, बाबर खान, सुरेंद्र वर्मा, भुट्टो खान,अजय ठाकुर आदि का नाम शामिल हैं।

# सर्वेश्वरी समूह ने किया पनशाला का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

गोसाईबाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम गेट के समीप भीषण गर्मी को देखते हुए श्री सर्वेश्वरी समूह के सौजन्य से पनशाला शुभारंभ किया गया। पनशाला का उद्घाटन पत्रकार रजनीश मंगलम, श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व राहगीरों पानी पिलाकर किया। मौके पर चैंबर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, अनुप निराला, वार्ड पार्षद रंजन कुमार छोटू, मंटू लाल, मनोज देव, पिंटू लाल, नागेंद्र राम, कमोद लाल, राजेंद्र यादव, शुभम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**आयोजन** मेराल प्रखंड के हासनदाग में हुआ कार्यक्रम

# दुगोला कार्यक्रम में झूमते रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड के हासनदाग गांव में हरिजन टोला स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती के उपलक्ष में शनिवार के रात्रि दुगोला चैता मुकाबला का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद रात भर चले चैता दुगोला मुकाबले में लोग झूमते रहे। अंबेडकर क्लब हसानदाग के अध्यक्ष सरजू राम के नेतृत्व में यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें देर शाम से श्रद्धा सुमन अर्पित के बाद रात भर सभी समाज के लोगों ने चैता दुगोला का आनंद उठाया।

कार्यक्रम में झामुमो के विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग के कंचन साहू प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी इत्यादि मौजूद रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन से सामाजिक समरसता बढ़ती है लोगों में भाईचारा के साथ साथ एकता बढ़ती है। वहीं प्रमुख दीपमाला ने कहा कि बाबा साहब के दिए संविधान के अनुसार हम सभी को अपने हक अधिकार के लिए शिक्षित होना जरूरी है। जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी ने कहा कि दुनिया का सबसे मजबूत लोकतंत्र भारत का संविधान बाबा साहब ने दिया है। इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद बृजराज चौबे समाजसेवी सह झामुमो नेता अजय प्रसाद गुप्ता पूर्व मुखिया जमुना प्रसाद रब्बी वीडीसी प्रतिनिधि रामाशीष राम ने भी अपना विचार व्यक्त किया। रात्रि में आयोजित चैता दुगोला मुकाबला कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद अंबेडकर क्लब के अध्यक्ष सरजू राम बृजराज चौबे स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी इत्यादि ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया।



## रमजान रहमतों और बरकतों का महीना

**श्री बंशीधर नगर।** पवित्र माह ए रमजान मुस्लिम धर्मलम्बियों के लिए रहमत बरकत व मगफिरत का महीना होता हैं। उक्त बातें नगर उंटारी के पूर्व सदर तस्लीम खान ने कही। उन्होंने कहा कि चांद दिखने के बाद पवित्र माह रमजान का शुरूआत हो जाती है इस माह में सभी मुसलमान रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं।यह महीना रहमतों एवं बरकतों का महीना है। रमजान में खुदा की इबादत करने से बाकी महीनों से कई गुना ज्यादा नेकिया मिलती है। इस माह में जन्नत का दरवाजा खुल जाता है वही रमजान महीने में रोजा रखने से सबसे ज्यादा नेकिया मिलती है। उन्होंने कहा कि रोजा का मतलब सिर्फ भूखे प्यास से रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है यानी हर बुराई व गुनाह से दूर रख कर रखा गया रोजा अल्लाह कबूल करता है।



# मौसम के तेवर हुए तीखे, 40 डिग्री पर पहुंचा तापमान

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में पिछले दो-तीन दिनों से मौसम लगातार करवटें बदल रही है जिले में गर्मी और गर्म हवा के कारण तापमान इन दिनों 40 सेल्सियस पर पहुंच गई है। सुबह 9:00 बजे के बाद लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं शाम 5:00 बजे के बाद गर्म हवा के कारण लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। वहीं एकाएक बड़े तापमान के कारण विभिन्न तरह के मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ गई है। सबसे ज्यादा सर्दी खांसी बुखार व डायरिया के मरीज सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं। सदर अस्पताल की ओपीडी में करीब 400 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया उसमें सबसे ज्यादा सर्दी खासी बुखार व डायरिया के मरीज शामिल है।



जनरल फिजिशियन डॉक्टर पीयूष ने बताया कि एकाएक मौसम में परिवर्तन हुआ है तापमान बड़ी है। तेज धूप और गर्म हवा के कारण लोग डायरिया और सर्दी खांसी के चपेट में आ रहे हैं ऐसे में लोगों को चेहरा ढक कर रखना चाहिए घर से खाली पेट कभी नहीं निकले ताजी भोजन का सेवन करें। ठंडा खीरा, नींबू ,तरबूज चीजों का खानपान अधिक करें। शिशु रोग विशेषज्ञ शिशिर चंद्राकार ने बताया कि उमस और गर्मी के साथ गर्म हवा बह रही है। ऐसे में बच्चों पर ध्यान रखना काफी आवश्यक है। सुबह स्कूल भेजने से पहले उन्हें हल्का नाश्ता जरूर कराएं। पानी का सेवन अधिक कराएं ताकि उनके शरीर का टेंपरेचर बना रहे अन्यथा बच्चे बीमार हो सकते हैं।

### झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित अंडर 16 क्रिकेट लीग का उद्घाटन जिला खेल स्टेडियम लातेहार में हुआ

# लातेहार में बहुत जल्द होगा एक और खेल स्टेडियम का निर्माण : बैद्यनाथ राम

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 16 क्रिकेट लीग का उद्घाटन जिला खेल स्टेडियम लातेहार में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक वैद्यनाथ राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिले के क्रिकेट खिलाड़ी मेहनत करें, आगे बढ़ें और जिला तथा राज्य का नाम रौशन करें। अभी क्रिकेट का क्रेज काफी बढ़ा है। सुदूरवर्ती इलाकों में भी क्रिकेट देखने को मिल रहा है। गांव देहात में भी क्रिकेट के खिलाड़ी हैं, जो जिला में आकर बेहतर खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। जिला क्रिकेट संघ तथा



खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है कि रणधीर वर्मा ट्रॉफी लातेहार ने जीत ली है। इस खेल को और बढ़ावा मिले, यहां के खिलाड़ी राज्य स्तर पर बेहतर करे इसके लिए बहुत जल्द ही एक और स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। वहीं संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह को विशेष मेहनत एवं कार्य के लिए बुके देकर सम्मानित किया। जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेल को खेलने तथा खेल के माध्यम से आगे बढ़ने की नसीहत दी। जे एस सी ए के लैजनर सह गुमला के सचिव जितेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिकेट के क्षेत्र में लातेहार बेहतर कार्य कर रहा है। संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, जिप सदस्य विनोद उरांव तथा भाजपा नेता रामदेव सिंह ने खिलाड़ियों को बेहतर खेलने की सलाह दी। इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, संघ के उपाध्यक्ष विष्णुदेव गुप्ता, संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, संघ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, जिप सदस्य विनोद उरांव, संघ के संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, दिशा सदस्य रामदेव सिंह, मैच पर्यवेक्षक मो सब्बीर, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, नीरज कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, शैलेश कुमार, हेमंत सिंह, दिलीप कुमार प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, नीरज कुमार सिंह, दिलीप कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार, लाल आशीष नाथ शहदेव, अश्विनी सिंह, अंकित पांडेय आनंद सिंह , प्रमोद प्रसाद, संतोष पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## रांची ने गुमला को 48 रन से दी मात

उद्घाटन मैच में रांची ने गुमला को 48 रन से पराजित किया। रांची ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 47वें ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 143 रन बनाए। समीर अंसारी 34 तथा प्रिंस राज ने 16 रनों का योगदान दिया। गुमला की ओर से मनीष ठाकुर, राहुल प्रसाद, अशिषण कुमार तथा आशीष कुमार ने दो दो विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी गुमला की टीम 31वें ओवर में 95 रन बनाकर ढेर हो गई। आयुष राज ने 14 रनों का योगदान दिया। रांची की ओर से ईशान ओम ने 10 ओवर में 17 रन देकर 5 विकेट तथा अमित उरांव ने 7.1 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रांची के ईशान ओम को गुमला सचिव जितेंद्र कुमार द्वारा दिया गया। मैच पर्यवेक्षक मो सब्बीर, अंपायर अजय पाठक तथा अमित हाजरा थे। जबकि स्कोरर दीपक सेठी थे। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, लाल आशीष नाथ सहदेव समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### बंदियों को दी विधिक सोवाओं की जानकारी

**चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह पीडीजे राकेष कुमार सिंह के मार्गदर्षन में सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निदेर्शानुसार मंडल कारा चतरा में जेल अदालत का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें सीजेएम विनय लाल, एसीजेएम मो. उमर, एसडीजेएम अदनान अकीब ने कारा के बंदियों को सुलभ समझौता एवं केस डिस्पोजल, निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी देने के साथ कुछ बंदियों से पुछताछ कर सुलहनिय समझौता करने का निर्देश भी दिया गया। कार्यक्रम में कानूनी रक्षा परामर्शदाता किरण प्रधान, अशोक कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार, मृनाली प्रसाद, कारा पाल दिनेश प्रसाद वर्मा, कारा कर्मी, कोर्ट कर्मी, पीएलवी सुधीर कुमार मिश्रा एवं राजेश कुमार उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन

हंटरगंज(चतरा)। जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा पंचायत के करमा में शनिवार डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि यगुनंदन राम कनीय अभियंता जल संसाधन, विशिष्ट अतिथि के रुप में जिप सदस्य सुरेश पासवान, कमिटी अध्यक्ष अध्यक्ष राजकुमार पासवान ने उद्घाटन किया।

### वाहन चेकिंग अभियान

**महुआडांड़।** आये दिन बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में विरसा चौंक, आदर्श नगर के समीप पु०अनी मो. कमर आलम के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों का वाहन नम्बर मोबाइल नंबर दर्ज किया गया। पु०अनी मो. कमर आलम ने बताया कि वाहन चेकिंग जैसे ही कम होता है चालक लापरवाही बरतना शुरू कर देते हैं, जुमार्ना से हो सकता है कुछ सुधार हो इसलिए यह कदम उठाना जरूरी था।

### चंदवा की निर्भया के दरिंदों को मिले फांसी की सजा : भाजपा

# दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददता। चंदवा**
भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव शनिवार को चंदवा के सुदूर जंगलों के बीच स्थित हाका गांव में हुए नृशंस हत्या की शिकार हुई दलित बिटिया के घर पहुंचे। उनके परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बांधा। प्रतुल ने कहा कि बेटी को न्याय दिलाने के लिए जहां भी जरूरत होगी आप मुझे याद कीजिये, मैं आपके साथ रहूंगा। यह एक नृशंस हत्या है। यह क्रूरता दिल्ली की निर्भया कांड की याद दिलाता है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री से मांग की कि बिटिया को इंसाफ स्पीडी ट्रायल के माध्यम से मिले और परिजनों को मुआवजा मिले। प्रतुल ने कहा कि चौथी क्लास में पढ़ने वाली इस बच्ची के साथ दरिंदों ने वहशीपन की सारी हदों को पार कर दिया। इस क्रूरतापूर्ण घिनौनी हरकत में शामिल सभी लोगों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। प्रतुल ने इस संबंध में पुलिस के अधिकारियों से भी दूरभाष पर वार्ता कर अबतक हुई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। प्रतुल ने कहा कि बच्ची के साथ इंसाफ हो इसमें कही कोई कोताही नही होनी चाहिए। अगर अति शीघ्र इन राक्षसों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सड़क पर और बड़ा आंदोलन होगा।



### पीड़िता का हुआ अंतिम संस्कार, शामिल हुए प्रकाश राम

**चंदवा।** शुक्रवार की रात निर्मम तरीके से हुई सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पीड़ता का अंतिम संस्कार हाका गांव के करीब दो किमी दूर पहाड़ी की तलहटी पर स्थित पाकेरपानी मे किया गया। अंतिम संस्कार में लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम भी शामिल हुए। प्रकाश राम ने पीड़ित परिवार को ढांढस बांधा। घटना की जानकारी प्राप्त कर पूरी वस्तुस्थिति से भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को अवगत कराया।

सूबे के पूर्व सीएम बाबूलाल ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन दिलाया कि बिटिया को न्याय दिलाने के लिए हर कदम उठाएंगे। वही प्रकाश राम ने मुआवजा के लिए प्रशासनिक पदाधिकारियों से वार्ता कर कहा कि यथाशीघ्र पीड़ित परिवारों को मुआवजा की राशि दी जाए। प्रकाश राम ने परिजनों से कहा कि दोषियों को फांसी की सजा दिलाने तक वो इस मुहिम में परिजनों के साथ खड़े रहेंगे।

#### सांसद प्रतिनिधि ने दी आर्थिक मदद

सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू और राजेंद्र यादव पीड़ित परिवार के घर पहुँचे। परिजनों को ढांढस बांधते हुए उन्हें आर्थिक मदद भी की। महेंद्र साहू और राजेंद्र यादव ने कहा कि आगे भी हर संभव मदद किया जायेगा, दोषी को सजा मिले इसके लिए सांसद सुनील सिंह ने उच्चाधिकारियों से वार्ता भी की है।

### अवैध खनन-परिवहन पर कई वाहन जब्त 13 पर की प्राथमिकी

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास के नेतृत्व में जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया।

जांच के क्रम में खनन पदाधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की महाने नदी इटखोरी और बसाने नदी तपेज से अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर चतरा जिला में लाया जा रहा है एवं धमनिया के विभिन्न क्रशर प्लांट से अवैध रूप से पत्थर चिप्स बिहार एवं अन्य राज्यों में भेजी जा रही है।

सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ औचक जांच की गई, जिसमें सदर थाना ओपी के समीप अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर एवं पांडेय महुआ पेट्रोल पंप के पास दो ट्रक पत्थर चिप्स लदा हुआ और एक हाईवा स्टोन डस्ट लदा हुआ बिना परिवहन चालान के परिवहन करते पकड़ा गया। जिसे जब्त कर सदर थाना चतरा को सुपुर्द कर दिया गया है और वाहन चालक, वाहन मालिक व अज्ञात क्रशर संचालक एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 एवं आईपीसी की धारा 379 के तहत कुल 13 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा ने फ्री हेल्थ कैंप का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**
प्रखंड मुख्यालय ग्राम सिजो में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा दिन रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने किया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक हरीकृष्ण सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉक्टर के द्वारा जांच कर निशुल्क दवाई भी दी जा रही है। मौके पर एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान,भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद, ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप प्रसाद, युवा मोर्चा मंडल



अध्यक्ष अंकित राज उर्फ गोलू, भाजपा मंडल महामंत्री मनदीप कुमार, भाजयुमो उपाध्यक्ष अमन कुमार, भाजयुमो महामंत्री चंदन प्रसाद, बजरंग दल के संयोजक अंकित राज उर्फ गोलू, युवा मोर्चा मंत्री संतोष यादव, बिट्टू कुमार विकास पांडे फुल देव सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मनिका प्रखंड बसपा की बैठक में आगामी चुनावों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**
प्रखंड के लोहिया भवन में दिन रविवार को बहुजन समाज पार्टी का प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। इसमें पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने बताया कि बैठक का मूल उद्देश्य कार्यकर्ता मिलन है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा के चुनाव में अधिक से अधिक सीट पर विजय प्राप्त करना है। वहीं विधानसभा चुनाव में भी ज्यादा से ज्यादा सीटों पर विजय हासिल



करना है। मौके पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी अशोक चंद्रवंशी, हरदयाल सिंह, सहयोग राम,जगजीवन राम, रमेश उरांव, सुरेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## बस स्टैंड में फूड किंग रेस्टोरेंट का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड में रविवार को प्रखंड के दंत चिकित्सक मंसूर आलम के द्वारा फूड किंग रेस्टोरेंट की शुरुआत की गई। इसका विधिवत उद्घाटन जिप सदस्य सन्तोषी शेखर, 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया कालो देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू व अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वहीं संचालक डॉ. मंसूर आलम ने बताया कि हमारे प्रखंड क्षेत्र में लगातार डिमांड देखते हुए रेस्टोरेंट खोलने का काम किया गया है। मौके उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद



संबेदक मनोज जयसवाल, मुखिया जितेंद्र सिंह फादर देवनिष कुजूर, फादर फ्रेंकलिन, कांग्रेस एससी एसटी जिलाध्यक्ष रविंद्र पासवान, पूर्व मुखिया सुनीता टोप्पो, उप मुखिया ललिता देवी, हाजी नसीर खान, सरदार सुरजीत सिंह, सुमित्रा देवी कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, मो. सईद, असलम खान, अवधेश मेहरा आदि मौजूद थे।

### पत्थलगड़ा में आंबेडकर की जयंती मनाई गई

**पत्थलगडा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ में रविवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, डीएसपी केदार नाथ राम, प्रमुख मनीषा कुमारी, जिप सदस्य रामसेवक दांगी, बीडीओ मोनी कुमारी, भाजपा नेता उज्ज्वल दास व बसपा जिलाध्यक्ष विनोद राज आदि ने बाबा साहेब के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना महफूज रहमान व चौपारण निवासी मनोज दास ने संयुक्त रुप से किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## इफ़्तार पार्टी का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के बाजार में शनिवार शाम प्रखंड के दुकानदारों द्वारा दावतें इफ़्तार कमेटी द्वारा 22 वें रमजान के मौके पर वार्षिक दावतें इफ़्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दावतें इफ़्तार कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के काफी संख्या में रोजेदारों के साथ प्रखंड के विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक सगठनों और स्थानीय व्यव्सायियों ने हिस्सा लेकर इफ्तार पार्टी आनंद उठाया। इससे पूर्व शाम लगभग 6 बजकर 19 मिनट में अजान के बाद सभी रोजेदार और अन्य लोगों ने इफ्तारी की, जिसके बाद रोजेदारों ने नमाज भी अदा की। प्रखंड मुख्यालय के बाजार में दोनों समुदाय के



दुकानदारों द्वारा आपसी एकता एवं सामाजिक सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए बीते 17 वर्षों से बाजार परिसर में दावते इफ्तार पार्टी का सफल आयोजन किया जा रहा है। इसमें बाजार के सभी दुकानदारों बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मौके पर फिरोज अहमद मुन्ना शौकत अली, शब्बीर खान, रॉकी खान, सुरेंद्र कुमार डब्लू, प्रमोद कुमार ठाकुर, संजय कुमार, इम्तियाज आलम, नदीम अंसारी, संजय लाल छाबड़ा, जमील खान, शेख फिरोज आदि लोग मौजूद थे।

### फुलवरिया जंगल से सखुआ की कटाई

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी छोर में स्थित कढनी, फुलवरिया समेत अन्य गांवों के जंगलों में बड़े पैमाने पर सखुआ की पेड़ों की कटाई हो रही है। बताया जाता है कि वन विभाग की ओर से प्रियंका कुमारी को पेड़ों की कटाई का ठेका दिया गया है जो शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन के निर्माण में बाधक थे। वहीं बड़े-बड़े पेड़ों की बेरहमी से कटाई देखकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए रविवार को कटाई बंद करा दिया। ग्रामीणों की मानें तो वन व रेलवे विभाग द्वारा जल्दबाजी में हजारों पेड़ कटवा डाले हैं। इस मामले में रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना की मानें तो वन कटाई की अनापत्ति किसे और को कैसे दिया गया है। इसकी जानकारी हमें नही हैं।

**उदासीनता** जिम्मेदार विभागीय पदाधिकारी मौन साधे हुए हैं

# अधर में लटका दर्जनों भवन का कार्य

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड(चतरा)**
चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में विभागीय उदासीनता के कारण करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले दर्जनों भवन का निर्माण कार्य वर्षों से अधर में लटका हुआ है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बजूद अधर में लटके निर्माण कार्य को पुरा कराने में जिम्मेदार विभागीय पदाधिकारी मौन साधे हुए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मंझगावा पंचायत के मंधैनिया में वर्ष 2012-13 में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लाखो रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र भव का निर्माण आधा अधुरा कर छोड़ दिया गया, जो आज धराशायी होने के स्थिति में है। नतिजतन उप स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किराये के मकान में करना पड रहा है। कमोवेश सलैयाटांड में



अम्बेदकर आवास, सोकी व बेलखोरी में विद्यालय भवन, एकतारा एवं खैरा में सामुदायिक भवन निर्माण के अलावा प्रखंड क्षेत्र के अन्य गांवों में दर्जनो भवन निर्माण कार्य वर्षों से अधुरा लटका पड़ा है और अब ढहने के कागार पर पहुंच चुका है। पर जिम्मेदार विभागीय पदाधिकारीयों को इन विषयों से कोई सरोकार नहीं, कुंभकरणी निंद में सोये हुए हैं। आखिर सोयें भी क्यूं नहीं बरबाद तो सरकारी खजाने की हो रही और भुगतना आम जनता को पड़ रहा है। वहीं जनता के जनप्रतिनिधी भी काम बनता अपना भांड में जाए जनता के तर्ज पर अपनी जिम्मेदारी निभाने में मशगूल हैं। कहा जा सकता है कि इनको जनता की समस्याओं से कोई लेनादेना नहीं है।

### रौनियार वैश्य समाज के उपाध्यक्ष बनने पर लवली को दी बधाई

**बरवाडीह।** पलामू की पूर्व जिला परिषद सदस्य और भाजपा नेत्री लवली गुप्ता को रौनियार वैश्य समाज का पटना में हुए चुनाव के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रखंड के समाज से जुड़े लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। रौनियार वैश्य समाज के बरवाडीह प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष राहुल प्रसाद गुप्ता ने बधाई देते हुए कहा कि लवली गुप्ता शुरूआती दौर से ही समाज के कार्यों के प्रति काफी सक्रिय रहे हैं। लवली गुप्ता को बधाई देने वालों में ज्वाला प्रसाद, रवि गुप्ता, राजकुमार प्रसाद, सुधीर प्रसाद, बबलू प्रसाद, उमेश प्रसाद, ओम प्रकाश प्रसाद आदि रौनियार वैश्य समाज के लोग शामिल हैं।



## आंबेडकर की जयंती मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में डॉ भीमराव आंबेडकर का 132 वी जयंती अंबेडकर चेतना मंच के अध्यक्ष प्रीतलाल यादव और संरक्षक सुरेश राम के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई। चेतना मंच के द्वारा आंबेडकर प्रतिमा की झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा धूमधाम से अंबेडकर नगर से चलकर टमटम टोला मुख्य मार्ग थाना चौक होते हुए मुरपा मोड़ से वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरि यादव, विशिष्ट अतिथि रामलाल राम सेवानिवृत्त डीएसपी, उदय भारती, अरुण कुमार, प्रोफेसर सरोज त्यागी, पुनीत अम्बेडकर, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, प्रभु दयाल उरांव, ईस्वर उरांव सहित कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर व मुख्य अतिथि द्वारा फीता को जोड़ कर कार्यक्रम की शुरूआत की है। मंचासीन सभी



अतिथियों को बीआर अंबेडकर मंच द्वारा फूल माला पहनाकर और अंग वस्त्र उठाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मंचासीन अतिथियों ने अपने अभिभाषण में कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि बीआर अंबेडकर की जीवन गाथा बहुत लंबी है जैसे सूर्य के आगे दिया जलाना की भांति है। वक्ताओं ने कहा की बाबा साहेब अनेकों कष्ट करके खुद को उस योग्य बनाया कि आज उनकी विश्व भर में पूजा होती है उन्होंने देश को अनमोल रत्न संविधान दिया । देश के आजादी के बाद भी हमारा दबे कुचले दलितों आदिवासी पिछड़ा वर्गों का हक अधिकार पन्नों में सिमट कर रह गया है।आज भी दलित स्वतंत्र नहीं हैं। अपना हक अधिकार के लिए पार्लियामेंट पहुंचकर दबे हुए पन्ने को खोलने की आवश्यकता है। इस दौरान रामलाल राम रिटायर्ड डीएसपी को अंबेडकर मंच के संरक्षक सुरेश राम ने संविधान उपहार स्वरूप भेंट की गई।

